(ग) जहां तक चाय का संबंध है, चाय बोर्ड ने एक विशेष योजना बनाई है जिसमें उन क्षेत्रों में वाणिज्यिक चाय बागान लगाने के लिये वित्तीय सहायता का प्रावधान है और मिट्टी चाय की खेती के लिये उपयुक्त हो ।

जहां तक कॉफी का संबंध है, उत्पादन की दीर्घावधि कार्य नीति के अन्तर्गत ऐसा प्रावधान है जहां जलवायु कि देश में काफी उत्पादन का बेशी स्तर प्राप्त करने के उद्देश्य से कॉफी के विस्तार को प्राथमिकता देने की जगह मध्य प्रदेश सहित गर परम्परागत राज्यों में मौजूदा क्षेत्रों में कॉफी उत्पादन को सुदृढ़ किया जाये । फिर भी, जब कभी राज्य सरकारें जनजातीय लोगों के लाभ के लिये काफी की खेती का विस्तार करने के लिये आगे आती है, तो कॉफी बोर्ड उन्हें सभी आवश्यक सहायता प्रदान करता है ।

Implementation of Career Improvement Policy

3655. SHRI M.M. JACOB : Will the Minister of COMMERCE be pleased to state :

(a) why the Flexible Complementing Career improvement Policy recommended by the 3rd and 4th Pay Commissions and the Department of Science and Technology which has given clear instructions is not implemented in research institutes of Commodity Boards; and

(b)j. by when it will be implemented ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CIVIL SUPPLIES, CONSUMER AFFAIRS & PUBLIC DISTRIBUTION AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI KAMALUDDIN AHMED): (a)and(b) The proposal regarding introduction of Flexible Complementing Career improvement Policy in the research institute of Commodity Boards is being examined in consultation with the concerned Ministries. However, no definite time frame can be given in this regard.

तम्बाकू का निर्यात बढ़ाने के लिये इसकी उत्पादन लागत में कमी करना

3656. **श्रीमती सुषमा स्वराज :** क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नेशनल कौंसिल आफ एपलाइड इकोनोमिक रिसर्च द्वारा हाल की किये गये सर्वेक्षण के बाद प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह कहा गया है कि अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में भारतीय तम्बाकू का निर्यात बढ़ाने के लिये तम्बाकू की बढ़िया किस्म की प्रति हैक्टेयर उत्पादकता बढ़ाकर इसकी उत्पादन लागत में कमी करना होगा ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है तथा गत कुछ वर्षों में देश में तम्बाकू की प्रति हैक्टयर औसत उपज क्या रही है ; और

(ग) क्या सरकार ने तम्बाकू की औसत उपज में वृद्धि करने के लिये कोई प्रभावी योजना तैयार की है ; यदि हां, तो वर्ष 1993-94 के दौरान औसत उपज में वृद्धि करने के क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इस योजना पर कितनी धनराशि व्यय किये जाने की संभावना है ?

नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री और वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कमालुद्दीन अहमद) : (क) से (ग) रिपोर्ट से यह निष्कर्ष निकला है कि उत्पादकता स्तर बढ़ाने के अलावा, तम्बाकू की घटिया गुणवत्ता वाली और कम लाभकारी स्थानीय किस्मों के स्थान पर धीरे-धीरे अधिक लाभकारी सिगरेट तम्बाकू को लाया जाना भी अच्छा है ।